भारत सरकार
संचार मंत्रालय
दूरसंचार विभाग

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं.2057
उत्तर देने की तारीख 11 फरवरी, 2026

बिहार में नेटवर्क कनेक्टिविटी

2057. श्री अभय कुमार सिन्हाः

क्या **संचार** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) डिजिटल इंडिया कार्यक्रम के तहत बिहार में अब तक मोबाइल टावरों और विश्वसनीय नेटवर्क कनेक्टिविटी से जुड़ी पंचायतों की संख्या कितनी हैं;
(ख) वर्ष 2022 से 2025 के बीच बिहार में चिन्हित ऐसी पंचायतों की कुल संख्या कितनी है जहां अभी भी मोबाइल टावर या न्यूनतम नेटवर्क सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं;
(ग) क्या मोबाइल नेटवर्क की कमी के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग और ई-गवर्नेंस सेवाओं की सुलभता बाधित हो रही है; और
(घ) क्या औरंगाबाद लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र के डुमरिया ब्लॉक के छकरबंदा पंचायत में अब तक कोई प्रभावी मोबाइल टावर स्थापित नहीं किया गया है और यदि हां, तो वहां मोबाइल टावर स्थापित करने के लिए निर्धारित समय-सीमा क्या है?

उत्तर
संचार एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री
(डॉ. पेम्मासानी चंद्र शेखर)

(क) दिसंबर 2025 तक, बिहार में 44,837 गांवों को 4जी मोबाइल कनेक्टिविटी के साथ कवर किया गया है।

(ख) से (घ) देश के कवर नहीं किए गए दूरस्थ और ग्रामीण क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, ई-गवर्नेंस और अन्य सेवाओं को पहुंच तक सक्षम बनाने के लिए, उच्च बैंडविड्थ क्षमता वाले

इंटरनेट/ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी और मोबाइल सेवाएं प्रदान करने के लिए सरकार द्वारा वित्तपोषित कई कदम और परियोजनाएं शुरू की गई हैं। दिसंबर-2025 तक, 4जी सेचुरेशन और अन्य मोबाइल परियोजनाओं के तहत, छकरबंदा सहित बिहार के 474 गांव/स्थान कवर करते हुए नियोजित 409 मोबाइल टावरों में से 384 मोबाइल टावर शुरू किए गए हैं। इसके अलावा, भारतनेट परियोजना के तहत, बिहार में ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी के लिए 8340 ग्राम पंचायतों (जीपी) को सेवा प्रदान करने के लिए तैयार कर दिया गया है। इसके अलावा, भारतनेट के मौजूदा नेटवर्क का उन्नयन करने, शेष ग्राम पंचायतों में नेटवर्क का सृजन करने और मांग के आधार पर शेष गैर-ग्राम पंचायतों को जोड़ने के लिए संशोधित भारतनेट कार्यक्रम (एबीपी) कार्यान्वित किया जा रहा है।

*****